# NATIONAL SEEDS CORPORATION LTD.

(A GOVERNMENT OF INDIA UNDERTAKING- *MINI RATNA COMPANY*)
**(CIN: U74899DL1963PLC003913)**

**BEEJ BHAWAN, PUSA COMPLEX**

**New Delhi – 110012**

**OFFICE:- CENTRAL STATE FARM, SARDARGARH**

**DISTT- SRIGANGANAGAR**
RAJASTHAN-335705

## NOTICE INVITING E-TENDER

**FOR**

**Name of work**:-

**Hiring of Mahindra Bolero/ Scorpio/ SUVJeep for use at Central State Farm, Sardargarh, Distt:- SriGanganagar, Rajasthan-335705.**

LAST DATE & TIME FOR RECEIPT OF BIDS :- 07.05.2024 10:00

DATE & TIME OF OPENING OF BIDS :-

Technical bid:- 07.05.2024 11:00 Hrs
Financial bid :- 07.05.2024 14:00 Hrs

| Particulars | Telephone | e-mail | csf.sardargarh@indiaseeds.com |
|---|---|---|---|
| Central State Farm, Sardargarh | Ph:- 01509-238027, 238296 | | |
| Website | www.indiaseeds.com | | |
| e-portal | https://indiaseeds.enivida.in/ | | |

# TABLE OF CONTENTS


| TITLE | Page No. |
|---|---|
| Notice Tender Inviting | 3 |
| INSTRUCTIONS TO TENDERER | 4-6 |
| TERM & CONDITION FOR TENDERER | 7-12 |
| ANNEXURES | 13-16 |
| CONTRACT LETTER FORMAT | 17-18 |
| TECHNICAL BID | 19 |
| FINANCIAL BID | 20 |

**राष्ट्रीय बीज निगम लिमिटेड**
(भारत सरकार का उपक्रम-मिनिरत्न कम्पनी)
**(CIN : U74899DL1963PLC003913)**
**केन्द्रीय राज्य फार्म, सरदारगढ़**
जिला: श्री गंगानगर (राज.)
Website: www.indiaseeds.com
**P**hone : 01509-238027, 238296
(Office e-mail-directorcsfsrg@gmail.com)

**NATIONAL SEEDS CORPORATION LTD.**
(A Government of India Undertaking)
**(CIN : U74899DL1963PLC003913)**
**Central State Farm, Sardargarh**
Dist.:Shri Ganganagar (Raj.)
Website: www.indiaseeds.com
Phone: 01509- 238027, 238296
(Office e-mail – directorcsfsrg@gmail.com)

**N0. : - CSF/SRG/Mech/09(E)/2024-25/** **Dated: 15.04.2024**

**ई-निविदा सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है की राष्ट्रीय बीज निगम लिमिटेड, केंद्रीय राज्य फार्म, सरदारगढ़, विभिन्न कृषि कार्यो के निरीक्षण एवं फार्म से सम्बंधित अन्य कार्यों हेतु बोलेरो/स्कॉर्पियो/ SUV जीप किराये पर लगाने हेतु इच्छुक पंजीकृत फार्म/एजेंसी/संसथान से दो बिड सिस्टम (तकनीकी एवं वित्तीय ) के आधार पर ई -निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं निविदा हमारी वेबसाइट **https://indiaseeds.enivida.in** पर केवल ऑनलाइन प्रेषित करें | निविदा हेतु हमारे ईपोर्टल **https://indiaseeds.enivida.in** पर निविदादाता का पंजीकृत होना आवश्यक है | प्राप्त निविदाओं में से किसी भी निविदा अथवा सभी निविदाओं को स्वीकार या अस्वीकार करने का अधिकार निदेशक राष्ट्रीय बीज निगम लिमिटेड, केंद्रीय राज्य फार्म सरदारगढ़ के पास सुरक्षित रहेगा | इस सम्बन्ध में यदि कोई भूल सुधार ज्ञापन होगा तो केवल वेबसाइट पर ही डाला जायेगा |

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का विवरण | फार्म भ्रमण व अन्य आवश्यक कार्यों के लिए मासिक आधार पर वाहन उपलब्ध करवाना |
| 2 | वाहनों की संख्या | 1 |
| 3 | स्थान | केन्द्रीय राज्य फार्म, सरदारगढ़ |
| 4 | अनुमानित लगत | 6,00,000/- |
| 5 | EMD राशि | 30000/- |
| 6 | निविदा प्रपत्र की कीमत | 236/- (200/- + 18%GST) |
| 7 | EMD व निविदा प्रपत्र की कीमत (Non refundable) जमा करने के लिए बैंक विवरण | A/C Holder Name : NATIONAL SEEDS CORPORATION LTD SARDARGARH<br>Bank Name: STATE BANK OF INDIA<br>BRANCH : SURATGARH<br>A/C : 34032829868 IFSC Code : SBIN0007774 |
| 8 | वाहन उपलब्ध करवाने की अनुमानित अवधि | 15 मई, 2024 से 14 मई 2025 तक (01 वर्ष के लिए) |
| 9 | निविदा प्रारंभ होने की तारीख व समय | 16.04.2024<br>10 00 Hrs |
| 10 | निविदा जमा करने का अंतिम दिन व समय | 07/05/2024<br>10 00 Hrs |
| 11 | निविदा खोलने का दिन व समय | • Technical bid:- 07.05.2024 11 00 Hrs<br>• Financial bid:- 07.05.2024 14 00 Hrs |
| 12 | पत्राचार का पता | फार्म प्रमुख, राष्ट्रीय बीज निगम लिमिटेड, केन्द्रीय राज्य फार्म, सरदारगढ़-335705 (राज.)<br>email:csf.sardargarh@indiaseeds.com |

**सहा. महाप्रबंधक (अभि.)**
**कृते** फार्म प्रमुख

## INSTRUCTIONS TO BIDDER – ONLINE MODE

1. Bidders/Vendors/Suppliers/Contractors must get themselves registered on the portal for participating in the e-tenders published on https://indiaseeds.enivida.com by paying the charges of Rs. 2360/- (Inclusive taxes) per year.

2. Bidders must provide the details of PAN number, registration details etc as applicable and submit the related documents. The user id will be activated only after submission of complete details. The activation process will take minimum 24 working hour's enividahelpdesk@gmail.com

3. Bidders must have a valid email id and mobile number.

4. Bidders are required to obtain Class 3 Digital Certificates (Signing & Encryption) as per their company details.

5. Once bidder DSC is mapped with the user id, the same DSC must not be used for another user id on the same portal. However bidder can update the digital certificate to another user id after unmapping it from the exiting user id.

6. Bidders now can login with the activated user Id & DSC for online tender submission process in this portal.

7. Bidders can upload required documents for the tender well in advance under My Documents and these documents can be attached to the tender during tender participation as per the tender requirements. This will save the bid submission duration/time period and reduce upload time of bid documents.

8. Bidders must go through the downloaded tender documents and prepare and upload bid documents as per the requirements of the department.

9. Once the bidders have selected the tenders they are interested in, Bidders will pay the processing fee Rs 550/- per tender (NOT REFUNDABLE) by net-banking / Debit / Credit card then Bidder may download the Bid documents etc. Once Bidders will pay both fee tenders status will be shown "form received". This would enable the e- tender Portal to intimate the bidders through e-mail in case there is any corrigendum issued to the tenderdocument.

10. Bidders are advised to read complete BoQ/SoQ/Price Bid/Financial Bid and Terms & Conditions before quoting rates in the bid document.

11. Any modification/replacement in BoQ/SoQ/Price Bid/Financial bid template is not allowed. Bidders must quote only in predefined fields in the bid sheet and save the bidsheet. After saving, the same bid sheet must be uploaded in the portal.

12. Bidders must pay required payments (Tenderfee, EMD, Tender Processing Fee etc) as mentioned in the tender document, before submitting the bid.

13. Bidders are recommended to use PDF files for uploading the documents. Only price bid sheet will be in Excel format.

14. The bidders must ensure to get themselves registered on the portal at least 1 week before the tender submission date and get trained on the online tender submission process. For tender submission and registration process bidders are advised to refer respective manuals on website. Tender inviting Authority/Department will not be held responsible for any sort of delay or the difficulties faced during the submission of bids online by the bidders due to local issues like internet connectivity/PC speed/etc...

15. Offline Submission of bids/documents/rates by the bidders will not be accepted by the department, under any circumstance.

16. After final submission of the bid, a confirmation message and bid submission acknowledgement will be generated by the portal. The bid submission acknowledgement contains details of all documents submitted along with bid summary, token number, date & time of submission of the bid and other relevant details. Bidder can keep print of the bid submission acknowledgement.

17. If bidder is resubmitting the bid, bidder must confirm existence of all the required documents, financial bid and again submit the bid. Once submitted, the bid will be updated.

18. Submission of the bid means that the bid is saved online; but system does not confirm correctness of the bid. Correctness of the bid will be decided by tender inviting authority only.

19. The time displayed in the server is IST(GMT 5:30) and same will be considered for all the tendering activities. Bidders must consider the server time for submission of bids.

20. Bid documents being entered by the Bidders/Vendors/Contractors will be encrypted at the client end and the software uses PKI encryption techniques to ensure security/secrecy of the data. The submitted bid documents/data become readable only after tender opening by the authorized individual.

## Thank You

**Technical Support -** **Phone: 9355030617, 8448288980**

**Tel: 011-49606060**

**Email ID - enividahelpdesk@gmail.com, enivida2021@gmail.com**

**केन्द्रीय राज्य फार्म सरदारगढ़ में किराये पर बोलेरो/स्कॉर्पियो / SUV जीप (जिसका कमर्शियल पंजीकरण/ टैक्सी नंबर हो) उपलब्ध कराने हेतु आमंत्रित ईनिविदा के नियम व शर्तें**

1. निविदादाता के पास गत तीन वर्षों में से कम से कम एक वर्ष का केन्द्रीय अथवा राजकीय सरकारी कार्यालय/ केन्द्रीय या राज्य स्वायतशासी संस्था या किसी सम्मानित निजी संस्था/कंपनी में निविदा से सम्बंधित कार्य किये जाने बाबत अनुभव होना अनिवार्य है | जिसके लिए निविदादाता को अनुभव प्रमाणपत्र / कार्यादेश की प्रति तकनिकी निविदा में अपलोड करनी होगी | अनुभव प्रमाण पत्र जिस संस्था में कार्य किया गया हो उसी संस्था द्वारा जारी किया होना चाहिए |
2. निविदादाता के पास कम से कम एक वाहन निविदा में चाहे गये वाहन के समतुल्य होना आवश्यक है जिसके आवश्यक दस्तावेज जैसे पंजीकरण प्रमाण पत्र, बीमा, PUC (Pollution Under Control Certificate) आदि की स्वप्रमाणित छाया प्रति तकनीकी निविदा के साथ जमा करवानी होगी |
3. निविदादाता को ई-निविदा में भाग लेने के लिए दिए गये खाते में निर्धारित EMD राशी जमा करनी होगी | धरोहर राशि और निविदा शुल्क के बिना, निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी।
4. EMD राशी व निविदा फॉर्म शुल्क RTGS/NEFT मोड या ऑनलाइन (Net Banking) या डिमांड ड्राफ्ट के माध्यम से केवल निविदादाता के खाते से ही जमा करनी होगी | डिमांड ड्राफ्ट भौतिक रूप से जमा करवाना होगा | जमा की गयी EMD राशि व निविदा फॉर्म शुल्क (गैर वापसीयोग्य) का विवरण Annexure-B पर दिए गये फोरमेट में भरकर अपलोड करने होंगे यदि RTGS/NEFT या ऑनलाइन (Net Banking) मोड से जमा करवाया गया है तो | यदि EMD राशी व निविदा फॉर्म शुल्क डिमांड ड्राफ्ट के रूप में जमा करवाया गया है तो उस डिमांड ड्राफ्ट की प्रति तकनीकी निविदा में उपलोड करनी होगी | डिमांड ड्राफ्ट **NATIONAL SEEDS CORPORATION LIMITED, सरदारगढ़** के नाम पर तैयार किया होना चाहिए जो की किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक सूरतगढ़ में देय हो । निविदा के नियम एवं शर्तों की स्वीकृति के लिए निविदादाता को निविदा दस्तावेजों के सभी पृष्ठों पर हस्ताक्षर करने की आवश्यकता है।
5. सफल निविदादाता की EMD राशी प्रतिभूति राशि (security deposit) के रूप में समायोजित कर ली जाएगी | प्रतिभूति राशि (security deposit) निविदा की अनुमानित राशी की 5 % होगी जो की अनुबंध समाप्ति के एक माह पश्चात बिना किसी ब्याज के वापस कर दि जायेगा |
6. वित्तीय निविदा में दिए गए दर GST व अन्य करों सहित होना आवश्यक है , इस बाबत बाद में कोई भी परिवर्तन स्वीकार्य नहीं होगा | निविदादाता के फर्म का GST पंजीकरण होना अनिवार्य है।
7. प्राप्त सभी निविदाओं या उनमे से किसी एक निविदा को स्वीकार या अस्वीकार करने का अधिकार फार्म प्रमुख राष्ट्रीय बीज निगम लिमिटेड, केंद्रीय राज्य फार्म, सरदारगढ़ के पास सुरक्षित रहेगा |
8. निविदादाता को निविदा के नियम व शर्तों के प्रत्येक पृष्ठ पर निविदा की प्रत्येक नियम व शर्तों की स्वीकृति क रूप में अपने हस्ताक्षर कर तकनिकी निविदा के साथ अपलोड करना अनिवार्य है | अहस्ताक्षरित निविदा स्वीकार नही की जाएगी | सक्षम अधिकारी की अनुमति के उपरांत तकनीकी निविदा में योग्य पाई गयी निविदाओं की वित्तीय निविदा निर्धारित समय पर खोली जाएगी। यदि निविदा खोलने की तिथि को अवकाश घोषित किया जाता है , तो अगले कार्य दिवस में निविदा खोली जाएगी | निविदादाता की शर्त पर निविदा स्वीकार्य नही होगी | निविदादाता की शर्त पर निविदा स्वीकार नही की जाएगी |

9. तकनिकी निविदा में सफल व वित्तीय निविदा में न्यूनतम दर (L1) देने वाले निविदादाता को सफल निविदादाता माना जायेगा | न्यूनतम दर का निर्धारण वितीय निविदा प्रपत्र में दिए गये सूत्र के आधार पर किया जायेगा | सफल निविदादाता को कार्य आदेश जारी होने के उपरांत असफल निविदादाताओं की धरोहर राशी को सम्बंधित निविदादाता के बैंक खातें में 30 कार्य दिवसों के अन्दर वापस किया जायेगा जिसके लिए सभी निविदादाताओं को अपने बैंक खाते का विवरण Annexure-A दिए फॉरमेट में भर कर स्कैन प्रति अपलोड करनी होगी | सफल निविदादाता को दी गयी दरों पर दर Negotiation के लिए CVC के दिशानिर्देशों के तहत बुलाया जा सकता है |
10. यदि निविदाकर्ता अपनी निविदा की वैधता की अवधि के भीतर किसी भी संबंध में निविदा वापस लेता है या निविदा से हटाता है या निविदा में संशोधन करता है , या अनुबंध की अवधि के दौरान किसी भी तरीके से अनुबंध की किसी भी शर्त को भंग करता है या वाहन उपलब्ध करवाने में असमर्थ रहता है तो निविदाकर्ता की ईएमडी/ प्रतिभूति राशि को जब्त करते हुए अनुबंध को समाप्त कर काली सूचि में डाल दिया जायेगा |
11. सफल निविदादाता के साथ वांछित वाहन प्रदान करने हेतु राष्ट्रीय बीज निगम लिमिटेड , केन्द्रीय राज्य फार्म , सरदारगढ़ एक वर्षीय अनुबंध 500 रुपये के नॉन -ज्यूडिसियल स्टाम्प Annexure-D पर दिए अनुसार हस्ताक्षरित करेगा | स्टाम्प की राशि सफल निविदादाता को वहन करनी होगी | संतोषपूर्ण सेवाओं के आधार पर उक्त अनुबंध की समीक्षा उपरांत अगले एक वर्ष तक दोनों पक्षों की सहमती पर 6-6 महीने के अन्तराल तक बढ़ाया जा सकता है |जिसके लिए राष्ट्रीय बीज निगम लिमिटेड , केन्द्रीय राज्य फार्म , सरदारगढ़ बाध्य नही होगा |
12. राष्ट्रीय बीज निगम लिमिटेड , केन्द्रीय राज्य फार्म , सरदारगढ़, अनुबंध अवधि के दौरान वाहन प्रदाता को 15 दिनों का आग्रिम नोटिस बिना किसी कार ण को स्पष्ट करते हुए , देकर अनुबंध को समाप्त करने का अधिकार सुरक्षित रखता है |
13. वाहन का पंजीकरण व्यावसायिक (TA. No.) होना अनिवार्य है , व निविदा खुलने की दिनांक से **7** वर्ष से अधिक पुराना नही होना चाहिए तथा संतोषजनक अवस्था में होना चाहिए | वाहन प्रदाता को अपने वाहन पर लगने वाले समस्त खर्चों (जिसमे चालक, इंधन, रख, रखाव, पुर्जे, बिमा, देय सभी कर व यातायात विभाग की मंजूरी, रोड टैक्स इत्यादी शामिल है ) का पूर्णरूप से निर्वहन करना होगा | राष्ट्रीय बीज निगम लिमिटेड , केन्द्रीय राज्य फार्म , सरदारगढ़ द्वारा इस बाबत कोई खर्च नही उठाया जायेगा | वाहन पर किसी आधिकारिक दौरे के दौरान लगने वाले वाहन पार्किंग शुल्क व टोल टैक्स का भुगतान राष्ट्रीय बीज निगम लिमिटेड, केन्द्रीय राज्य फार्म, सरदारगढ़ द्वारा पार्किंग/ टोल टैक्स के बिल प्रस्तुति पर किया जायेगा |
14. वाहन चालक के पास वैध लाइसेंस व् न्यूनतम 5 वर्षों का ड्राइविंग अनुभव आवश्यक है | यदि वाहन प्रदाता द्वारा किसी भी दिन वाहन उपलब्ध नही करवाया जाता है तो प्रति दिन रूपये 1200 की कटौती उस माह के बिल में से की जाएगी | तथा यदि वाहन विलम्ब से उपलब्ध करवाने पर रूपये 140 प्रति घंटे की दर से मासिक बिल में से कटौती करने के लिए राष्ट्रीय बीज निगम लिमिटेड , केन्द्रीय राज्य फार्म , सरदारगढ़ अधिकृत है । प्रातः 9:00 बजे के उपरान्त, 15 मिनट की देरी होने पर भी पूरे एक घंटे की कटौती की जाएगी । वाहन चालक को अल्कोहल / अन्य किसी भी प्रकार की नशीली दवाओं के उपभोग की आदत नहीं होनी चाहिए , अनुशासन व

आचरण सम्बन्धी शिकायत प्राप्त होने पर वाहन प्रदाता को 3 कार्यदिवसों के अन्दर दूसरा वाहन चालक प्रदान करना होगा |

15. वाहन चालक को प्रतिदिन वाहन के उपयोग का समस्त रिकॉर्ड ( जिसमे प्रारंभिक व अंतिम मीटर रीडिंग , किलोमीटर उपयोग, मार्ग विवरण, उपयोगकर्ता का नाम, हस्ताक्षर व यात्रा का समय इत्यादी) एक लॉग बुक में दर्ज करना होगा व फार्म के सम्बंधित आधिकारी के हस्ताक्षर करवाने होंगे | लॉग बुक सभी मायनो में सही व पूर्ण भरी होनी चाहिए ताकि मासिक बिलों का सत्यापन व भुगतान हेतु प्रस्तुतीकरण किया जा सके|
16. अनुबंधित वाहन को प्रतिदिन साधारणतः प्रातः 09:00 बजे से शाम 06:00 बजे तक फार्म प्रक्षेत्र में फसलों के निरीक्षण हेतु **कच्चे मार्गों** पर व फार्म के अन्य कार्यों हेतु इस्तेमाल किया जायेगा। आवश्यकता पड़ने पर वाहन को फार्म के बाहर भी ले जाया जा सकता है फार्म की आवश्यक्तानुसार सम्बंधित कार्यालय द्वारा समय में बदलाव / बढ़ाया जा सकता है|
17. वाहन को प्रातः 09:00 बजे से शाम 06:00 बजे के उपरांत भी बुलवाया जा सकता है जिसकी सुचना मोबाइल के माध्यम से वाहन प्रदाता को पूर्व में दे दी जाएगी | जिसके लिए वाहन प्रदाता द्वारा उपलब्ध करवाए गये वाहन चालक के पास मोबाइल होना आवश्यक है|
18. यदि वाहन किसी फार्म कार्य हेतु रात्रि में काम में लिया जाता है या बाहर ले जाया जाता है तो ड्यूटी के दौरान फार्म क्षेत्र के बहार या फार्म क्षेत्र में रुकने पर रात्रि विश्राम हेतु वाहन चालक को वितीय निविदा में दिए गये दर प्रति रात्रि की दर से भुगतान किया जायेगा जिसकी दर वितीय निविदा में देनी होगी |जो की रात्रि 9:00 के पश्चात लागु होगा|
19. निविदादाता को प्रति माह निर्धारित 2000 किलोमीटर के लिए अपनी दर वितीय निविदा में भरनी होगी | यदि वाहन प्रति माह 2000 किलोमीटर से अधिक चलाया जाता है तो इस अतिरिक्त किलोमीटर का भुगतान वितीय निविदा में प्राप्त दर (जो की रूपये प्रति किलोमीटर में होगी ) के अनुसार फार्म द्वारा किया जायेगा|
20. केन्द्रीय राज्य फार्म सरदारगढ़ पर वाहन पार्किंग सुविधा उपलब्ध है जहाँ पर वाहन प्रदाता अपनी जोखिम पर वाहन पार्क कर सकता है | वाहन प्रदाता विभाग प्रमुख (सहायक महाप्रबंधक, अभियांत्रिकी) की अनुमति पर वाहन को अपनी लागत और जोखिम पर वापस अपने निजी स्थान पर ले जा सकता है। वाहन को केन्द्रीय राज्य फार्म, सूरतगढ़ पर (फार्म कोठी, सूरतगढ़) पर (सहायक महाप्रबंधक, अभियांत्रिकी) की अनुमति पश्चात अपनी जोखिम पर पार्क कर सकता है|
21. फार्म में फसल निरीक्षण व अन्य किसी आधिकारिक यात्रा के दौरान अधिकारीगण व अन्य फार्म कर्मचारियों की सुरक्षा की जिम्मेवारी वाहन प्रदाता की होगी | अनुबंध अवधि के दौरान अनुबंधित वाहन से हुई किसी भी दुर्घटना या किसी भौतिक या वित्तीय क्षति , यातायात नियमो के उलंघन या वाहन को हुए नुकसान , चोरी, टूट-फुट, किसी अन्य पक्ष द्वारा लगाया गया हर्जाना या दावा , मुकदमा, शासकीय व अशासकीय दंड का भुगतान इत्यादि के मामले में वाहन प्रदाता की पूर्ण जिम्मेदारी होगी | इस बाबत राष्ट्रीय बीज निगम लिमिटेड , केन्द्रीय राज्य फार्म सरदारगढ़, होने वाले किसी मुक़दमे , हर्जाना, दावा किसी भौतिक या वित्तीय क्षति के लिए दायित्व निर्वहन या भुगतान के लिए जिम्मेदार नही होगा|
22. वाहन प्रदाता को भुगतान , स्वीकृत दरों पर निर्धारित प्रारूप में मासिक बिल एवं लॉग बुक कार्यालय में जमा करने पर प्रत्येक कैलेंडर माह के अंत में 30 दिनों के भीतर (अपरिहार्य परिस्थिति को छोड़ कर ) मासिक आधार पर किया जायेगा | केन्द्रीय राज्य फार्म सरदारगढ़ के द्वारा , प्रदान की गयी सेवा के बदले किसी भी तरह का

अग्रिम राशि का भुगतान नहीं किया जायेगा| सरकारी नियमों के अनुसार अनिवार्य करों की कटौती बिल में से की जायेगी | GST जमा करने का प्रमाण पत्र अगले बिल के साथ प्रस्तुत करना होगा |

23. किसी भी यात्रा यात्रित/ परिस्थितिजन्य त्रुटी के कारन कार्यालय प्रभारी अधिकारी या किसी भी अधिकारी की प्रयोजनार्थ की जा रही यात्रा में यदि अधिकारी को वाहन की व्यवस्था में अतिरिक्त मूल्य वहन करना होता है तो उक्त मूल्य की कटोती फर्म के बिलों से की जाएगी |

24. निविदा से संबंधित उत्पन्न किसी भी विवाद की स्थिति में सभी निविदादाता आपसी सहमति द्वारा विवादों को तत्काल, न्यायसंगत और भरोसेमंद तरीके से हल करने हेतु स्वतंत्र हैं। यदि निविदादाता ऐसा करने में असमर्थ हैं, तो अंततः इस तरह के विवाद मध्यस्थता द्वारा हल किया जाएगा। मध्यस्थता अंग्रेजी/ हिंदी भाषा में आयोजित की जाएगी और मध्यस्थता का स्थान केन्द्रीय राज्य फार्म ,स सरदारगढ़ में होगा। निदेशक, राष्ट्रीय बीज निगम लिमिटेड, केन्द्रीय राज्य फार्म, सरदारगढ़ द्वारा आपसी सहमती द्वारा एकमात्र मध्यस्थ नियुक्त किया जाएगा जिसका इस संबंध में निर्णय सभी पक्षों को अंतिम और बाध्यकारी होगा । किसी भी तरह के न्यायिक विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र सूरतगढ़ होगा |

25. सफल निविदादाता को कार्यादेश की प्राप्ति के 5 कार्य दिवसों में वाहन उपलब्ध करवाना होगा | निर्धारित समयावधि में वाहन उपलब्ध न करवाने की स्थिति में EMD/ प्रतिभूति राशि जब्त कर ली जाएगी व अनुबंध निरस्त कर दिया जायेगा | किसी कारणवश वाहन बदलने की स्थिति में सक्षम अधिकारी से अनुमति प्राप्त करनी होगी |

26. वाहन का मीटर रीडिंग सभी मायनो में सही होनी चाहिए | वाहन की मीटर रीडिंग किसी भी समय पर तय की गयी दुरी से मेल खाना चाहिए | प्राधिकृत अधिकारी के पास किसी भी समय मीटर रीडिंग शुद्धता की जाँच करने की व तदनुसार कार्रवाई करने की शक्ति होगी।

27. वाहन उपलब्ध करवाते समय वाहन के सभी आवश्यक वैध दस्तावेज जैसे वाहन का TA No. पंजीकरण प्रमाण पत्र, बीमा प्रमाण पत्र , प्रदूषण प्रमाण पत्र , चालक के ड्राइविंग लायसेंस की छाया प्रति व अन्य आवश्यक दस्तावेज सहायक महाप्रबंधक (अभियांत्रिकी) के कार्यालय में जमा करवाने होंगे |

28. वाहन प्रदाता अगर ऐसा वाहन लगता है जिसका पंजीकरण वाहन प्रदाता के नाम पर नही है तो इसके लिए वाहन प्रदाता को 100 रूपये के नॉन -ज्युडीसिअल स्टाम्प पर सपथ पत्र देना होगा | जिसमे स्पष्ट हो की वाहन की सम्पूर्ण जिम्मेदारी स्वयं वाहन प्रदाता की होगी जिसके लिए वाहन मालिक भी सहमत होना चाहिए जिसके नाम पर वाहन पंजीकृत है |

29. अनुबंध के दौरान डीजल, बीमा राशि, टैक्स की दरों में कमी या वृदि पर दरें प्रभावित नही होगी |

30. वाहन के चालक को निगम की और से भोजन , आवागमन संसाधन , चिकित्सा आदि उपलब्ध नही करवाई जाएगी |

31. वाहन की दुर्घटना होने की स्थिति में वाहन एवं अन्य किसी पक्ष की क्षति पूर्ति के लिए केवल वाहन प्रदाता उतरदायी होगा तथा केन्द्रीय राज्य फार्म, सरदारगढ़ की कोई जिम्मेदारी नही होगी |

32. वाहन प्रदाता यदि किसी भी समय वाहन चालक बदलता है तो इसकी पूर्व सुचना वाहन चालक के मोबाइल नम्बर सहित सहायक महाप्रबंधक (अभियांत्रिकी) के कार्यालय में देनी होगी | सुचना फ़ोन द्वारा भी दी जा सकती है |

33. वाहन की सर्विस/रिपेयर हेतु वाहन प्रदाता 2 माह में एक बार, एक दिन के लिए , (अवकाश के दिन) गाड़ी को सक्षम अधिकारी की स्वीकृति के बाद ले जा सकता है।

उपरोक्त नियम व शर्तें (क्र. स. 1 से क्र. स. 33 तक) को मैंने अच्छे से पढ़ व समझ लिया है व मुझे पुर्णतः स्वीकार्य है |

निविदादाता के हस्ताक्षर मय सील

**अवश्यक दस्तावेज जिनको स्वप्रमाणित कर तकनिकी निविदा में उपलोड करने है-**

१. फर्म पंजीकरण प्रमाणपत्र (यदि फर्म साझेदारी अथवा कंपनी है तो)

२. फर्म के जीएसटी पंजीकरण की प्रतिलिपि

३. पैन कार्ड की प्रतिलिपि

४. बैंक विवरण हेतु रद्द किया गया बैंक चेक|

५. कार्य अनुभव प्रमाणपत्र / कार्यादेश

६. गैर काली सूचीबद्ध का शपथ पत्र (Annexure-C पर दिए अनुसार)

७. धरोहर राशि (EMD) व टेंडर प्रपत्र शुल्क के लिए NATIONAL SEEDS CORPORATION LIMITED, सरदारगढ़ के पक्ष में रुपये 30000/- + 236 /- (Annexure- B पर दिए अनुसार ) या जमा करवाए गये डिमांड ड्राफ्ट की प्रतिलिपि|

८. निविदा के सभी नियमों व शर्तों की स्वीकृति में हस्ताक्षरित पत्र

९. वाहन का पंजीकरण प्रमाण पत्र|

१०. वाहन का PUC प्रमाण पत्र |

११. वाहन का बीमा

१२. किसी भी सम्बन्धी का संस्था में कर्मचारी न होने के सम्बन्ध में पत्र (Annexure-D पर दिए अनुसार)

**Annexure-A**

(On letterhead of contractor with seal and signature)

(KINDLY FURNISH FOLLOWING VALID INFORMATION FOR AN QUICK REFUND OF EMD)

सेवा में,

फार्म प्रमुख,

राष्ट्रीय बीज निगम लिमिटेड

केंद्रीय राज्य फार्म, सरदारगढ़

विषय : RTGS-Reg. के माध्यम से हमारे बैंक खाते में EMD की वापसी बाबत |

महोदय,

यदि हम/मै निविदा में असफल होता हूं (असफल निविदादाता होता हूँ) तो कृपया हमारे/मेरे द्वारा जमा करवाई गयी EMD राशि हमारे/मेरे निम्नांकित बैंक खाते में वापस करने का कष्ट करें |

| (अ) निविदादाता के बैंक का विवरण | | त्वरित और शीघ्र पत्राचार के लिए निविदाकर्ता का संपर्क विवरण | | |
|---|---|---|---|
| बैंक का नाम एवं सहर | | पता :- | |
| EMD राशि :Rs | | | |
| खाता संख्या | | टेलीफोन न. | |
| MICR Code. | | मोबाइल न. | |
| IFSC Code. | | फैक्स न. | |
| | | E-mail id | |

धन्यवाद

**निविदाकर्ता के हस्ताक्षर मय सील**

**Annexure-B**

**(On letterhead of contractor with seal and signature)**

(only for those who has deposited EMD/ Tender Fee through RTGS/NEFT/Net Banking)

सेवा में,

फार्म प्रमुख,

राष्ट्रीय बीज निगम लिमिटेड

केंद्रीय राज्य फार्म, सरदारगढ़

विषय : जमा करवाई गयी EMD/ निविदा प्रपत्र शुल्क का विवरण |

महोदय,

हमने/ मैंने निविदा में भाग लेने के लिए EMD राशि व निविदा प्रपत्र शुल्क राष्ट्रीय बीज निगम लिमिटेड, केन्द्रीय राज्य फार्म, सरदारगढ़ के खाते में जमा करवा दिया है जिसका विवरण निम्नवत है |

| Sr.No. | Particular | Amount in Rs. | RTGS/NEFT UTR No./Date | A/C no. Name and branch of the bank |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Earnest Money Deposit and tender fee | | | |

**निविदाकर्ता के हस्ताक्षर मय सील**

**Annexure- C**

**FORMAT OF UNDERTAKING, TO BE FURNISHED ON COMPANY LETTER HEAD WITH REGARD TO BLACKLISTING/ NON- DEBARMENT, BY ORGANISATION**

**UNDERTAKING REGARDING BLACKLISTING / NON – DEBARMENT**

**AFFIDAVIT**

To,

The Farm Head

NSC, CSF Sardargarh

We hereby confirm and declare that we, M/s -------------------------------------------, is not blacklisted/ De-registered/ debarred by any Government department/ Public Sector Undertaking/ Private Sector/ or any other agency for which we have Executed/ Undertaken the works/ Services during the last 5 years.

For -----------------------------------

Authorised Signatory

Date:

**Annexure-D**

## DECLARATION

## FOR NO NEAR RELATIVE (S) OF THE CONTRACTOR WORKING IN DEPARTMENT OF NATIONAL SEEDS CORPORATION LTD.

(To be given on Company Letter Head)

I………………s/o………………. r/o……………. hereby certify that none of my relative(s) as defined in the tender document no : dated : is/are employed in Department of National Seeds Corporation Ltd., as per details given in tender document. In case at any stage, it is found that the information given by me is false/incorrect, National Seeds Corporation Ltd., Central State Farm, Sardargarh shall have the absolute right to take any action as deemed fit/without any prior intimation to me.

Signed________________________________

Name (in Block Letters) ___________________________

Position_______________________________

Date _________________________________

Seal of the bidder

The near relatives for this purpose are defined as:

a) Members of a Hindu undivided family.

b) They are husband and wife.

c) The one is related to the other in the manner as father, mother, son(s) and Son's wife (daughter in law), Daughter(s) and daughter's husband (son in law), brother(s) and brother's wife, sister(s) and sister's husband (brother in law)

## अनुबंध पत्र

## "अ"

यह करार आज दिनांक ..................को फार्म प्रमुख , केंद्रीय राज्य फार्म , सरदारगढ़ (जिसको आगे प्रथम पक्षकार समझा जायेगा) व मैसर्स ........................(जिसको आगे द्वितीय पक्षकार कहा गया है ) के मध्य संपन्न किया गया है |

1. यह अनुबंध दिनांक ...................से एक वर्ष तक मान्य होगा | संतोषपूर्ण सेवाओं के आधार पर उक्त अनुबंध की समीक्षा उपरांत अगले एक वर्ष के लिए 6-6 महीनो के अन्तराल तक दोनों पक्षों की सहमती पर बढ़ाया जा सकता है | जिसके लिए केन्द्रीय राज्य फार्म, सरदारगढ़ बाध्य नही होगा |
2. द्वितीय पक्षकार निविदा की सभी शर्तों को पालन करते हुए प्रथम पक्षकार की स्वीकृत दरों (जो उन्होंने अपने पत्र क्रमांक ....................दिनांक ...........द्वारा सूचित की है) में डीजल/पेट्रोल/आयल/ चालक अन्य सभी कर,रोड टैक्स GST सहित वाहन किराये पर उपलब्ध कराने को सहमत होगा |
3. द्वितीय पक्षकार ने ..................रूपये प्रतिभूति राशि/EMD राशि के रूप में डिमांड ड्राफ्ट / RTGS/ NEFT / Net Banking संख्या ................दिनांक ................द्वारा जमा करवा दी है |
4. इस करार के सम्बन्ध में होने वाले समस्त विवाद इस करार के निर्वाचन सम्बंधित सभी प्रश्न फार्म प्रमुख , केंद्रीय राज्य फार्म , सरदारगढ़ द्वारा विनिश्चित किये जायेंगे तथा केंद्रीय राज्य फार्म, सरदारगढ़ के फार्म प्रमुख का विनिश्चय अंतिम होगा |
5. यदि द्वितीय पक्षकार अनुबंध की अवधि के दौरान किसी भी तरीके से अनुबंध की किसी भी शर्त को भंग करता है या वाहन उपलब्ध करवाने में असमर्थ रहता है तो द्वितीय पक्षकार की प्रतिभूति राशि/EMD राशि को जब्त कर लिया जाएगा ।

## "दर अनुसूची"

| क्र.सं. | मानदंड | महिंद्रा बोलेरो/स्कॉर्पियो/SUV कार |
|---|---|---|
| | | दर (रु.) |
| 1 | **2000 किलोमीटर प्रतिमाह हेतु दर (A)** | |
| 2 | **2000 किलोमीटर प्रतिमाह से ऊपर दर प्रति किलीमीटर(B)** | |
| 3. | **रात्रि विश्राम की दर प्रति रात्रि(C)** | |

6. राष्ट्रीय बीज निगम लिमिटेड , केन्द्रीय राज्य फार्म , सरदारगढ़, अनुबंध अवधि के दौरान वाहन प्रदाता (द्वितीय पक्षकार ) को 15 दिनों का आग्रिम नोटिस (बिना किसी कारन स्पष्ट किये हुए ) देकर अनुबंध को समाप्त करने का अधिकार सुरक्षित रखता है |
7. निविदा प्रपत्र में वर्णित सभी नियम व शर्तें ( 1 से लेकर 33 तक) इस अनुबंध का हिसा होगी व द्वितीय पक्षकार को मान्य होगी | जो की इस अनुबंध के साथ भाग **"ब"** में वर्णित है |
8. वाहन उपलब्ध करवाने की दरें निम्नवत होगी |

इसके साक्ष्य में इसके दोनों पक्षों ने दिनांक .............को अपने हस्ताक्षर किये है |

द्वितीय पक्षकार के हस्ताक्षर मय सील

निदेशक, केन्द्रीय राज्य फार्म, सरदारगढ़

साक्षी न. 1

साक्षी न. 2

# तकनीकी निविदा प्रपत्र

सेवा में,

फार्म प्रमुख ,

राष्ट्रीय बीज निगम लिमिटेड
केंद्रीय राज्य फार्म सरदारगढ़

विषय : केन्द्रीय राज्य फार्म सरदारगढ़ में किराये पर बोलेरो/स्कॉर्पियो/ SUV जीप लगाने हेतु आमंत्रित निविदा दिनांक ..................... के सन्दर्भ में |

महोदय,

केन्द्रीय राज्य फार्म सरदारगढ़ में किराये पर बोलेरो/स्कॉर्पियो/ SUV जीप उपलब्ध करवाने हेतु आमंत्रित निविदा दिनांक ............. के तहत हम अपने वाहन प्रदान करने को इच्छुक हैं | उपरोक्त निविदा के लिए हम , अपने फर्म व वाहन से संबधित निम्नलिखित दस्तावेजों की हस्ताक्षरित प्रतिलिपि संलग्न कर तुलना हेतु प्रेषित करते हैं|

| सं. | विवरण | संलग्न (हां / नहीं) |
|---|---|---|
| 1. | फर्म पंजीकरण प्रमाणपत्र | |
| 2. | फर्म के जीएसटी पंजीकरण की प्रतिलिपि | |
| 3. | पैन कार्ड की प्रतिलिपि | |
| 4. | बैंक विवरण हेतु रद्द किया गया बैंक चेक | | |
| 5. | कार्य अनुभव प्रमाणपत्र / कार्यादेश | |
| 6. | गैर काली सूचीबद्ध का शपथ पत्र | |
| 7. | धरोहर राशि(EMD) व टेंडर प्रपत्र शुल्क के लिए NATIONAL SEEDS CORPORATION LIMITED, सरदारगढ़ के पक्ष में रुपये 30000/- + 236 /- | |
| 8. | निविदा के सभी नियमों व शर्तों की स्वीकृति में हस्ताक्षरित पत्र | |
| 9. | वाहन का पंजीकरण प्रमाण पत्र | |
| 10. | वाहन का PUC प्रमाण पत्र | |
| 11. | वाहन का बीमा | |
| 12 | किसी भी सम्बन्धी का संस्था में कर्मचारी न होने के सम्बन्ध में पत्र | |

**हस्ताक्षर**

**निविदादाता फर्म का नाम --------------------**

**पूरा पता -----------------------------**

**----------------------------------------**

**मोबाइल नंबर------------------------**

**ईमेल आईडी-------------------------**

# <u>वितीय निविदा</u>

सेवा में,

फार्म प्रमुख ,

राष्ट्रीय बीज निगम लिमिटेड
केंद्रीय राज्य फार्म सरदारगढ़

विषय : केन्द्रीय राज्य फार्म सरदारगढ़ में किराये पर बोलेरो/स्कॉर्पियो/ SUV जीप लगाने हेतु आमंत्रित निविदा दिनांक ...................... के सन्दर्भ में |

महोदय,

केन्द्रीय राज्य फार्म सरदारगढ़ में किराये पर बोलेरो/स्कॉर्पियो/ SUV जीप उपलब्ध करवाने हेतु आमंत्रित निविदा दिनांक .............. के तहत हम अपने वाहन प्रदान करने को इच्छुक हैं | इस आशय से निविदा के लिए हम अपने निम्नांकित दरों (जो की GST व अन्य सभी करों सहित व सभी प्रकार के डीजल/पेट्रोल/आयल एवं चालक सहित) को प्रेषित कर रहे हैं|

| क्र. सं. | मानदंड | महिंद्रा बोलेरो/स्कॉर्पियो/ SUV जीप |
|---|---|---|
| | | दर (रु.) |
| 1 | **2000 किलोमीटर प्रतिमाह हेतु दर(A)** | |
| 2 | **2000 किलोमीटर प्रतिमाह से ऊपर दर प्रति किलीमीटर (B)** | |
| 3. | **रात्रि विश्राम की दर प्रति रात्रि (C)** | |

न्यूनतम दर का निर्धारण R = A + 500B + 2C में प्राप्त न्यूनतम राशि के अनुसार किया जायेगा |

हस्ताक्षर

निविदादाता फर्म का नाम -----------

पूरा पता ----------------------------------

--------------------------------------------

मोबाइल नंबर------------------------------

ईमेल आईडी--------------------------------------